agricultural tractors in India daring 1990-91 was :

Sl. No.	Horse Power range	Production in numbers
1	Upto 20 H.P.	111
2	21 to 30 H.P.	48,119
3	31 to 40 H.P.	66,694
4	41 to 50 H.P.	21,257
5	51 H.P. & above	3,104
	TOTAL	139,285

(c) Does not arise.

(d) and (e) Yes, Sir. Some manufacturers are exporting tractors. The value of export of tractors including components, implements, etc., of these units is reportedly in the range of Rs. 2.5 crores to Rs. 3 0 crores.

सिविल सेवा परीक्षा 1991 के प्रश्नपत्रों के परीक्षापूर्व लीक हो जाने के संबंध में जांच

576. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिविल सेवा परीक्षा 1991 के प्रश्न पत्रों के परीक्षा-पूर्व लीक हो जाने संबंधी जांच कार्य पूरा हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में अब तक क्या कार्यवाही की गयी है।

कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) :

(क) और (ख) : केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अभी जांच पूरी नहीं की है

अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह

577. श्री शंकर दयाल सिंह क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) त्रिवेन्द्रम में आयोजित किये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह में भाग लेने के लिये कौन-कौन से देश सहमत हो गये हैं ;

(ख) क्या दिल्ली, मुम्बई तथा देश के अन्य भागों से इन फिल्मों को देखने के लिये आने वाले व्यक्तियों को यात्रा रियायत दिये जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो इस योजना का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) विश्व भर के बाल फिल्म निर्माताओं को प्रविष्टि फार्म भेजे जा चुके हैं। प्रविष्टियां प्राप्त होने की अन्तिम तारीख 30 सितम्बर, 1991 है। नार्वे, हालैण्ड, आस्ट्रिया, ईरान और ब्रिटेन ने पहले ही इस समारोह में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।